भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 16.02.2023

आरेडिका पहुँची राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा

अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन से अभिप्रेरित राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा 2023 में पूर्वोत्तर के 30 छात्र एवं छात्राएँ 15.02.2023 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में पहुँचे। यहाँ पर आरेडिका के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं रेलवे कर्मचारी प्रतिनिधि संगठनों द्वारा यात्रा प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

आरेडिका के तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र के ऑडिटोरियम में आरेडिका पर बनी हुई कॉपरेट फिल्म के प्रदर्शन द्वारा कोचों के उत्पादन के बारे में बतलाया। इसके उपरान्त प्रतिनिधियों ने फैक्ट्री परिसर का अवलोकन किया।

इस यात्रा के माध्यम से पूर्वोत्तर के सात राज्यों से आये प्रतिनिधि उत्तर प्रदेश और रायबरेली जिले की सभ्यता और संस्कृति से रूबरू होकर प्रसन्न हुए एवं स्वागत कर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया कि, रेलकोच और रायबरेली की जनता ने इतने उत्साह और प्रेम से हमारा स्वागत किया है, कि हमको ऐसा लग रहा है कि हम उत्तर प्रदेश में नहीं भारत के उत्तम प्रदेश में हैं।

ज्ञात हो कि सन 1966 से ही अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के नेतृत्व में भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति को समझने के लिए इस प्रकार की यात्राओं का आयोजन किया जाता है। जिससे छात्र एवं छात्राएँ विभिन्न राज्यों के रहन–सहन, खान–पान आदि से परिचित होते हैं। इससे भारत की विविधता में एकता का दर्शन होता है।

इस अवसर पर आरेडिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

16/02/2023

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी